## एक नजर में

### लाइन में लगी महिला मरीज से वार्ड बाय ने की धक्का-मुक्की

**ब्यावरा 01 सितम्बर, का.** शहर के सिविल अस्पताल में सोमवार को एक वार्ड बॉय और महिला मरीज के परिजनों के बीच विवाद हो गया. भंवरगंज कॉलोनी की रहने वाली महिला उमा देवी जाट अपने बेटे अक्षय के साथ उपचार के लिए अस्पताल आई थीं. डॉक्टर को दिखाने जाते समय वार्ड बॉय अयाज खान ने उमा देवी को धक्का दे दिया. साथ ही उन्हें अस्पताल से बाहर जाने को कहा. जब अक्षय ने इसका विरोध किया तो वार्ड बॉय ने उसके साथ मारपीट की. इस घटना के बाद अस्पताल में काफी देर तक हंगामा होता रहा। विवाद के कारण उमा की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई. इसी बीच चिकित्सकों ने उनका तुरंत उपचार किया. मरीज उमा जाट और अक्षय ने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई. थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि महिला द्वारा दर्ज की गयी शिकायत में उन्होंने बताया है कि अस्पताल में पदस्थ वार्ड बॉय अयाज खान द्वारा उनके साथ बदसलूकी की व धक्का दिया. इस पर पुलिस ने आरोपित अयाज के विरूद्ध धारा 115 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है. पुलिस ने महिला का मेडिकल चेकअप भी करवाया है. मामले की जांच जारी है.


### गणेशजी को 56 भोग लगाए



**खिलचीपुर 01 सिम्बर, सं.** नगर में गणेश उत्सव के पांचवे दिन रविवार रात्रि को माता मंड पेलेस रोड पर बाल गोपाल गणेश उत्सव समिति के बच्चों ने इस अवसर पर भगवान गणेश को 56 भोग ,मिठाइयां पकवान,केक अर्पित कर उत्सव को उत्साह के साथ मनाया. बच्चों ने अपने अपने घर से अलग अलग व्यंजन तैयार करवाए और माता पिता के साथ मिलकर भगवान गणेश जी के समक्ष अर्पित किए. रात्रि साढ़े आठ बजे 56 भोग झांकी के दर्शन खोले गए. इस मौके पर महाआरती के बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए. बाल गोपाल समिति के अध्यक्ष रक्षित सिंगी ने बताया कि समिति में 5 से 14 वर्ष के बच्चे शामिल हे पहली बार झांकी सजाई गई अब हर वर्ष हम सब बच्चे मिलकर ओर आकर्षक झांकी सजाएंगे.

### सिद्धि विनायक के दरबार में भागवत कथा की धूम

**ब्यावरा 01 सितम्बर, का.** स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर स्थित श्री सिद्धी विनायक मंदिर परिसर में भागवत कथा का भव्य आयोजन जारी है. कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ हुआ. मंडी समिति व्यापारी संघ द्वारा 30 अगस्त से 5 सितम्बर तक भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. यहां पंडित सतीश नागर द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक कथा की जा रही है. उनके द्वारा प्रभावी तरीके से की जा रही कथा खासा प्रभावित कर रही है. समिति के द्वारा धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है.



**सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंगों का महाअभिषेक: नर्मदापुरम के श्रद्धालु हुए शामिल, नारीशक्ति ग्रुप ने दी सेवा**

# पौधे लगाना पर्वतेश्वर भगवान शिव की सच्ची साधना और दक्षिणा

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 01 सिब्बर, सं.** सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक महाअनुष्ठान के चौथे दिन सोमवार को नगर शिवभक्ति में सराबोर रहा. हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. अतिरिक्त पंडाल भी पूरी तरह भर गया और श्रद्धालु स्टेडियम की सीढ़ियों पर बैठकर अनुष्ठान में शामिल हुए. दिनभर भक्तिमय वातावरण में पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक के साथ श्रद्धालुओं ने गुरुदीक्षा ली. रुद्राभिषेक के उपरांत धर्माचार्य सोमेश परसाई ने विशेष रूप से श्रद्धालुओं से दक्षिणा स्वरूप एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लेने की अपील की. उन्होंने कहा कि धरती को हरा-भरा बनाना ही सच्ची दक्षिणा है. अनुष्ठान में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और नर्मदापुरम से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री गौतम तेडवाल, वन परिषद के प्रांत संगठन मंत्री तिलक राज दांगी, उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव, एसडीएम सुशील कुमार सिंह, थाना प्रभारी शिवराज सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.





नरसिंहगढ़ जैन समाज द्वारा विधायक मोहन शर्मा का नगर में विशेष सम्मान किया गया. वहीं नारी शक्ति ग्रुप की श्रीमती संतोष भूपेन्द्र त्रिवेदी सहित महिलाओं ने आयोजन में भाग लिया. इस मौके पर मूर्तिकार ओपी चौहान ने पार्थिव शिवलिंग की माला बनाकर विधायक को पहनाई. सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक महाअनुष्ठान श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है और पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण के साथ-साथ पर्यावरणीय चेतना का भी संदेश दे रहा है.

# डेंगू महामारी : जरूरी दवा को लेकर मारामारी

## कैसे जीतेंगे लड़ाई : डेंगू के बुखार को कम करने वाली इंटरवेन पैरासिटॉमाल इंजेक्शन सरकारी अस्पतालों में नहीं है उपलब्ध

- जिले में अप्रत्याशित तरीके से बढ़े डेंगू के मरीज
- प्रायवेट तौर पर लाना पड़ रही दवा
- स्वास्थ्य विभाग ने सतर्क रहने की अपील की

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 01 सितंबर, का. जिले में डेंगू पॉजिटिव के मामले सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है. विभाग का दावा है कि डेंगू के खात्मे एवं उसकी रोकथाम हेतु व्यापक कदम उठाए जाकर तैयारी की जा रही है परन्तु इसका दूसरा पहलू यह है कि डेंगू के बुखार को कम करने वाला आईवी पैरासिटामोल इंजेक्शन जिला चिकित्सालय सहित जिले में नहीं होने से मरीज के परिजनों को अतिरिक्त रुपये खर्च कर बाहर से प्रायवेट तौर पर यह इंजेक्शन लाना पड़ रहा है.**

विदित है कि अगस्त माह के 23 दिन के भीतर ही जिले में डेंगू पॉजिटिव के 4 मामले सामने आ गये. इन स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग का अमला पहुंचा भी और वहां सर्वे कर लोगों के स्वास्थ्य का हाल जाना तथा उपचार किया. परन्तु डेंगू पर सटीक प्रहार कर उसे खत्म करने में जो आईवी यानी इंटरवेन पैरासीटामल इंजेक्शन काम करता है. वह जिला चिकित्सालय एवं जिले के अस्पतालों में नहीं है.



### एक दिन में सर्दी-बुखार के 550 मरीज आए

सामान्यत: सिविल अस्पताल, जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन ओपीडी में मरीजों की संख्या 200-250 या फिर अधिकतम 300 तक होती है, किंतु वर्तमान में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है. सोमवार को स्थानीय सिविल अस्पताल में ओपीडी में 550 मरीज आये. अधिकांशत: बुखार, सर्दी-जुकाम के मामले सामने आ रहे है. जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन मरीजो की संख्या 500 से 600 तक पहुंच रही है. दूषित पानी भी एक कारण मौसम परिर्वतन के चलते मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है वहीं बारिश में दूषित पानी पीना भी एक कारण देखा जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दूषित पानी से कई प्रकार की बिमारियां पनप रही है.

### प्लेटलेट कम होने का खतरा

जानकारी के अनुसार डेंगू पॉजिटिव मरीज का सटीक दवा के द्वारा यदि उपचार नहीं किया जाता है तो मरीज के प्लेटलेट कम होने का डर बना रहता है. ऐसे में डेंगू के खात्मे के लिए उसकी सटीक दवा के द्वारा ईलाज किया जाना आवश्यक है.

*डेंगू बुखार में इंटर मस्कुलर इंजेक्शन से प्लेटलेट्स कम होने लगते है. डेंगू मरीजों के इलाज में इंअर वैन पेरासिटामोल इंजेक्शन से बुखार कम किया जाता है.*

**डॉ. सुधीर कलावत डॉक्टर ऑफ मेडिसीन
जिला चिकित्सालय राजगढ़**

### बाहर मेडिकल स्टोर से ला रहे

जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय एवं जिले के अन्य अस्पताल में आईवी पैरासीटामल इंजेक्शन नहीं होने की दशा में मरीज के परिजन को बाहर प्रायवेट तौर मेडिकल स्टोर से यह इंजेक्शन खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है. जिसमें एक अच्छी खासी राशि खर्च हो जाती है. दिन ब दिन बदल रहे मौसम के मिजाज ने लोगों की सेहत बिगाड़ना शुरु कर दिया है. तेज बुखार आना, हाथ-पैर में दर्द, उल्टी-दस्त, गले में इंफेक्शन होना आदि दिक्कते लोगों को हो रही है. 8 अगस्त को एक मरीज की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी. तत्पश्चात 13, 25 एवं 30 अगस्त को एक-एक मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई. इसके पूर्व 20 जून को एक तथा 11 जुलाई को दो व 14 जुलाई को एक मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी थी. संदिग्ध होने पर सेम्पलिंग बुखार, सर्दी-जुकाम, उल्टी-दस्त, पेट संबंधी बिमारियों के साथ ही गले में इंफेक्शन की शिकायत के मामले समने आ रहे है. मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुखार के ऐसे संदिग्ध मरीज जिनमें डेंगू के संभावित लक्षण की संभावना नजर आ रही है, ऐसे मरीजों के ब्लड सेम्पल डेंगू जांच के लिए लिये जा रहे है.

### मध्यान्ह भोजन में लापरवाही पर 3 शिक्षकों को नोटिस

**राजगढ़ 01 सितम्बर, का.** जिले के विकासखंड ब्यावरा अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सालरिया खेड़ी में मध्याहन भोजन योजना के संचालन में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा तीन शिक्षकों को कारण बताओ सूचना जारी किया गया है. साथ ही मध्याह्न भोजन योजना संचालित करने वाले जय गुरुदेव स्व-सहायता समूह के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं वित्तीय कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए. जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला ने बताया कि विकासखण्डव ब्यावरा की जांच रिपोर्ट एवं प्राचार्य के प्रतिवेदन अनुसार शासकीय हाई स्कूल सालरिया खेड़ी में मध्याह्न भोजन योजना का संचालन 15 अगस्त, 2025 से पूरी तरह बंद पाया गया. विद्यार्थियों को उक्तश योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है, जिससे शासन की प्राथमिक योजना प्रभावित हुई. साथ ही जिन तीन शिक्षकों पर कार्यवाही की गई उनमें प्राचार्य शायकीय हाई स्कूल सालरिया खेड़ी नरोत्तम मीणा, जनशिक्षक संकुल सुठालिया अर्जुन सिंह एवं जनशिक्षक संकुल सुठालिया शिव शंकर बामौरिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया.

### हमारा विद्यालय कार्यक्रम अयोजित

**जीरापुर 01 सिम्बर, सं.** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में देश एवं प्रदेश के साथ-साथ विकासखंड के विद्यालय में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा संकल्प पत्र का वाचन कर शपथ ली गई. उत्कृष्ट हाई स्कूल सहित अन्य स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान प्राचार्य कैलाशचंद्र शर्मा, विनोद चौधरी, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष भेरूलाल शर्मा एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे.



# राजगढ़ के गांधी चौक की गणेश झांकी ने लगाया अर्धशतक

### यहां 1975 में विराजे थे बप्पा

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 01 सिम्बर, का. नगर के मध्य स्थित गांधी चौक में पिछले 50 वर्षों से गणेश उत्सव के दौरान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है. समिति के अध्यक्ष अक्षत दुबे (चीकू ), राम शर्मा, नवनीत शर्मा, हिमांशु शर्मा, गोपाल शर्मा, वासु शर्मा, चिंटू पिलोटिया आदि ने बताया 1975 से लगातार गांधी उत्सव समिति धूम धाम से आयोजन में भाग ले रही है.**

### हिन्दू उत्सव समिति ने की महाआरती

**सारंगपुर 01 सितम्बर, सं.** शहर के आकोदिया नाका स्थित हिंदू उत्सव समिति श्री गणेश मंदिर पर सामूहिक महा आरती का आयोजन किया गया. जिसमें गणेश जी की मां आरती हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला सहित अन्य पदाधिकारी ने आरती की आरती के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया. इसके पश्चात समिति के अध्यक्ष कपिल धनगर ने अतिथि हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ. भल्ला,वरिष्ठ समाज सेवी संजय विजयवर्गी, सुशील व्यास, पूर्व महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष महेश पाटीदार,वैभव पुष्पद सतीश गिरजे, प्रकाश पूरी नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा,सतीश मिश्रा, मोहित हाडा मांगीलाल पाटीदार सहित अन्य समिति के सदस्य को तिलक लगाकर एवं गमछा पहनकर स्वागत किया गया इस दौरान ईशान मंगल,डॉ. मिश्रा,गौरव सोनी, अभिजीत नाहर, राजेश धनगर,मोहित जाटव, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे.

## गुर्जर समाज के हजारों लोग शामिल हुए आयोजन में, प्रतिभाएं सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 01 सितम्बर, का.** नगर में गुर्जर समाज की आराध्य देव भगवान श्री देवनारायण जी के जन्मोत्सव पर इस वर्ष भी पारंपरिक भव्य चल समारोह निकाला गया. इस अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से गुर्जर समाज के हजारों श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए. चल समारोह की शुरुआत नगर के भगवान श्री देवनारायण मंदिर से हुई, जहां पूजा-अर्चना और आरती के पश्चात यात्रा का शुभारंभ किया गया. शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों—खिलचीपुर नाका, नेशनल हाईवे, ब्यावरा चौराहा, झांसी की रानी चौराहा, मार्केट एरिया, पुराना बस स्टैंड और अस्पताल रोड होते हुए पुन: भगवान श्री देवनारायण मंदिर पहुंची. यात्रा के दौरान समाज के उत्साही युवाओं द्वारा पूरे मार्ग में व्यवस्था संभाली गई. बाहर से बुलाए गए अखाड़ों के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक रोमांचक प्रस्तुतियां दीं, जो आकर्षण का केंद्र बनीं और श्रद्धालुओं की विशेष चर्चा का विषय रहीं. मंदिर प्रांगण में समापन के बाद जनप्रतिनिधियों ने समाज को संबोधित करते हुए भगवान श्री देवनारायण जी की शिक्षाओं और समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला. इस दौरान समाज के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए.




### हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**सारंगपुर 01 सितम्बर, सं.** बिजली की डोरी मांगने के छोटे से विवाद में बात इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने फरियादी पक्ष की हत्या कर दी. पचोर पुलिस की रिपोर्ट पर न्यायालय सारंगपुर ने आरोपियों को आजीवन कारावास तथा 5000 ,5000 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है. पचोर पुलिस के अनुसार घटना 26 जनवरी 2021 की सुबह 7 बजे की है. ग्राम लखेसरा में अर्जुन सिंह गुर्जर अपनी मोटर चलाने की डोरी वायर मांगने अपने ही गांव के रामबाबू तथा बने सिंह मालवीय के घर गया तब विवाद इतना बढ़ गया की रामबाबू बने सिंह तथा उसका भाई विरम ने अर्जुन सिंह तथा बीच बचाव करने आया अर्जुन का पिता आत्माराम को लात घुसे तथा कुल्हाड़ी से इतना मारा की आत्माराम की अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई. सारंगपुर न्यायालय के द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री राहुल सिंह ने प्रकरण के निर्णय में तीनों आरोपियों को आरोप सिद्ध होने पर आजीवन कारावास तथा 5000 5000 रु के अर्थ दंड से दंडित किया है. प्रकरण में शासन की ओर से लोक अभियोजक बृजकिशोर चौहान ने पैरवी की.

**कार्यवाही ▶ समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर गाज गिरी, समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर हुए तल्ख**

# सीएम हेल्पलाइन : लापरवाही पर 9 कर्मचारियों को नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 01 सितम्बर, का.** कलेक्ट र डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाईन की प्राप्त शिकायातों पर गंभीरता से संज्ञान लिया. कलेक्ट र डॉ. मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों द्वारा शिकायत को उच्च शिक्षा विभाग व शिक्षा विभाग में लंबे समय तक इधर-उधर कर शिकायत का समय-सीमा में निराकरण व उचित कार्यवाही न करने पर विकासखण्डय शिक्षा अधिकारी नरसिंहगढ़, बीआरसी नरसिंहगढ़, मुख्यप कार्यपालन अधिकारी जनपद नरसिंहगढ़ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. उन्होंनने अधिकारियों को समय-सीमा में शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए एवं लापरवाही पर सख्ता कार्यवाही की जाएगी.




शिकायतकर्ता राजा राम शर्मा ने बताया कि मध्यरप्रदेश पंचायत शाला शिक्षक नियोजन एवं सेवा शर्ता अधिनियम 2005 जिसे आगे सेवा शर्त अधिनियम कहा गया है के नियम 07 का उप नियम कहा गया है सेवा में ठोस तत्वे प्रमाणित दस्तापवेज के साथ न्याहय प्राप्त करने हेतु शिकायर्त दर्ज करवाई गई थी.

### लगातार शिकायतों के बाद कार्यवाही

**शिकायकर्ता** तरवर वर्मा ग्राम पंचायत काशीखेडी द्वारा शिकायत की गई की प्रधानमंत्री आवास योजना में सर्वे सूची का प्राथमिकता प्रमाण नंबर की मुझे जानकारी नहीं है. मुझे ग्राम पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी जा रही है. मुझे पता चला कि मेरे नाम की आवास किसी मेरे समान नाम के व्यक्ति को दे दी गई है. कलेक्टर ने शिकायत पर उचित कार्यवाही नहीं करने पर ब्लॉक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास जीरापुर सचिव व सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

**शिकायतकर्ता** भगवान सिंह मालवीय ग्राम देवाखेडा द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा 23 फरवरी, 2023 को तहसील कार्यालय में नामांतरण हेतु आवेदन दर्ज करवाया गया था. परंतु आज दिनांक तक मेरा नामांतरण नहीं हुआ है. कलेक्टर ने शिकायत का समय-सीमा में निराकरण न करने पर संबंधित हल्का पटवारी/ तहसीलदार रीडर खिलचीपुर व तहसीलदार खिलचीपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

### दामोदर नवयुवक मंडल एवं जूना गुजराती दर्जी समाज ने ज्ञापन सौंपा

**सारंगपुर 01 सिम्बर, सं.** जिला कलेक्टर के नाम आनुविभागी अधिकारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक के नाम थाना प्रभारी को सौपा ज्ञापन दामोदर नवयुवक मंडल एवं समस्त स्वजाती बधु जूना गुजराती दर्जी समाज ने ने ज्ञापन के माध्यम से बताया की हमारे समाज बन्धु के साथ योजनाबध तरीके से तीसरी वारदात को अजाम दिया जा रहा हैं जिसकी निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए. समाज जनों ने ज्ञापन में बताया कि हमारे समाज के बन्धु मुरलीधर पिता प्रेमनारायण सोलंकी की रेडीमेड कपड़े की दुकान पर अज्ञात चोरो द्वारा दुकान पर चोरी की वारदात करना और नगदी सहित कपड़े चोरी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया जो की 10000 के लगभग नुकसान हुआ इसके पहले स्प्लेंडर प्लस की चोरी होना गत सप्ताह हाथ ठेला चोरी होना फिर दुकान की वारदात होना उनके परिवार सहित हम स्वजाती बंधुओं को भी बहुत आहत हुआ. अत: आपसे निवेदन हे कि आप इन घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर इनको अंजाम देने वाले और इन वारदातो की योजना के पीछे जिन व्यक्ति का हाथ हों उनका भी पर्दाफाश किया जाए जो कि उनके पीछे हाथ धोकर पड़ा हुआ है इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में और कोई घटना इनके साथ ना हो.